## न्यूज फ्लैश

### फसल अवशेषों में आग न लगाए, बल्कि उन्हें खेत की मिट्टी में ही मिला दें- उपायुक्त प्रीति

**नितिन सिंगला जगाधरी**



**यमुनानगर, 14 अप्रैल**-उपायुक्त प्रीति ने बताया कि गेहूं कटाई का सीजन पूरी जोरों पर है। इसलिए, किसान गेहूं कटाई के उपरांत फसल अवशेषों को आग लगा देते हैं। इसलिए उन्होंने किसानों से अपील है कि वे फसल अवशेषों को न जलाएं बल्कि इनका सदुपयोग कर भूमि की उर्वरा शक्ति को बढ़ाए। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे अपने फसल अवशेषों में आग न लगाए, बल्कि उन्हें खेत की मिट्टी में ही मिला दें। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों को जलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है रबी की फसल के दौरान अक्सर किसानों द्वारा गेहूं की फसल कटाई के बाद बचे हुए अवशेषों में आग लगा दी जाती है और फसल अवशेष जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति के साथ-साथ पोषक तत्वों का नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि अवशेषों में आग लगाने से जैविक पदार्थ नष्ट हो जाते हैं और किसान के मित्र कीटों का नुकसान होता है। उन्होंने ने बताया कि फसल अवशेष जलाने से कार्बन मोनोऑक्साइड, कार्बन डाइऑक्साइड, राख, सल्फर हाईआक्साईड, मीथेन व अन्य अशुद्धियाँ उत्पन्न होती है। इससे वायु प्रदूषण बढ़ता है। इन्हें जलाने से भूमि की उर्वरा शक्ति कम होने के साथ-साथ भूमंडलीय तापमान में बढ़ोतरी होती है तथा छोटे पौधे व वृक्षों पर आश्रित पक्षी मारे जाते हैं। उन्होंने बताया कि फसल अवशेषों को जलाने से होने वाले प्रदूषण से मनुष्य के स्वास्थ्य, संपत्ति की हानि, तनाव, क्रोध तथा जीवन को बाहरी खतरे की संभावना रहता है। जबकि इन अवशेषों से पशुओं के लिये तूड़ा बनाया जा सकता है। इनसे जलाने से चारे की भी कमी हो जाती है। उन्होंने बताया कि सरकार के आदेशों की अवहेलना में यदि कोई व्यक्ति दोषी पाया जाता है, तो उस व्यक्ति के खिलाफ नियमानुसार कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

### बिरला स्टुडियोज ने वी के साथ की साझेदारी

**गुरुग्राम ।** बिरला स्टुडियोज ने वोडाफोन आइडिया लिमिटेड के सहयोग से आज अपनी तरह के पहले मोबाइल-फर्स्ट टैलेंट डिस्कवरी प्लेटफॉर्म रील से रियल स्टा के लॉन्च की घोषणा की है, जिसे भारत के एंटरटेनमेंट उद्योग में प्रवेश को एक समान बनाने के लिए डिजाइन किया गया है। प्रतिभा को पहचानने के दृष्टिकोण के साथ रील से रियल स्टार भूगोल, पहुंच एवं उद्योग जगत के साथ कनेक्शन जैसी पारम्परिक बाधाओं को दूर करता है- तथा हर उस व्यक्ति के लिए, सिनेमा के रास्ते खोलता है, जिसके पास स्मार्टफोन है। यह प्रॉपर्टी एक सरल किंतु शक्तिशाली विचार पर आधारित है: प्रतिभा कहीं से भी आ सकती है और हर किसी को अपनी प्रतिभा को दर्शाने एवं निखारने के लिए मंच मिलना चाहिए।

# डा. अम्बेडकर ने ऐसा संविधान दिया, जिसकी बदौलत हम तरक्की के रास्ते पर बढ़ रहे आगे : मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल।** केंद्रीय मंत्री एवं करनाल लोकसभा सांसद मनोहर लाल मंगलवार को करनाल पहुंचे और बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को बाबा साहेब के जन्मोत्सव की बधाई दी। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने संविधान, राजनीति और मौजूदा मुद्दों पर खुलकर अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब के विचार आज भी समाज को दिशा देने वाले हैं।

**संविधान से मिला शिक्षा और संगठन । संदेश**

मनोहर लाल ने कहा कि बाबा साहब भीमराव अंबेडकर ने संविधान के माध्यम से समाज को शिक्षा और संगठित रहने का संदेश दियाए हमें उनके बताए रास्ते पर चलना चाहिए। उन्होंने बैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह त्योहार लोगों के जीवन में खुशियां और उत्साह लेकर आए। कर्मबीर बौद्ध के इस बयान कि बीजेपी संविधान को कुचल रही है, इस पर मनोहर लाल ने कहा कि कम से कम ऐसे अवसर पर किसी को राजनीति नहीं करनी चाहिए। वहीं कर्मबीर बौद्ध के दूसरे बयान कि बीजेपी ने उन्हें हराने के लिए हथकंडे अपनाए, इस पर उन्होंने कहा कि चुनाव में सभी पार्टियां अपनी.अपनी रणनीति से काम करती हैं। एक सांसद उनका चुना गया और एक कांग्रेस का, इसलिए आरोप-प्रत्यारोप की जरूरत नहीं है।

**अजय चौटाला से बातचीत पर दिया जवाब**

राज्यसभा चुनाव के दौरान अजय चौटाला से बातचीत के सवाल पर मनोहर लाल ने कहा कि वह हर किसी से बातचीत करते हैं, उनका कोई दुश्मन नहीं है और बातचीत करने में उन्हें कोई हिचक नहीं होती। उन्होंने कहा कि जो चचाएं हवा में चलती हैं, वे राजनीतिक कारणों से फैलाई जाती हैं। बंगाल दौरे को लेकर उन्होंने बताया कि वह वहां गए थे और वापसी के दौरान कोलकाता में भी रुके। इस दौरान उन्होंने कार्यकर्ताओं से मुलाकात की।

### पीरामल कंज्यूमर हेल्थकेयर के टेटमोसोल ने पंकज त्रिपाठी को बनाया अपना ब्रांड एंबेसडर

**नोएडा ।** पीरामल कंज्यूमर हेल्थकेयर के प्रमुख ब्रांड टेटमोसोल ने आज जाने-माने अभिनेता पंकज त्रिपाठी को अपना नया ब्रांड एंबेसडर बनाने की घोषणा की और साथ ही एक नया मल्टीमीडिया प्रचार अभियान भी लॉन्च किया। इस पहल के जरिये, ब्रांड को, त्वचा संक्रमण (स्किन इन्फेक्शन) के लिए विशिष्ट समाधान के तौर पर पुनर्स्थापित किया गया है।यह अभियान गहरी उपभोक्ता अंतर्दृष्टि पर आधारित है और वह यह है कि लाखों भारतीय, खास तौर पर वे जो अधिकतर घर से बाहर रहते हैं, अक्सर गर्मी, पसीने और स्वच्छता से जुड़ी चुनौतियों से जूझते हैं। इससे अक्सर त्वचा संक्रमित होती है। यह सिर्फ शारीरिक परेशानी तक ही सीमित नहीं रहती, बल्कि इससे आत्मविश्वास और रोजमर्रा की उत्पादकता भी प्रभावित होती है। इस रणनीतिक बदलाव के तहत, टेटमोसोल ने अपने पोर्टफोलियो के विस्तार की भी घोषणा की है, जिसके तहत पूरे भारत में टेटमोसोल प्रिकली हीट पाउडर लॉन्च किया गया है। साथ ही, ब्रांड ने गर्मियों से जुड़े त्वचा स्वास्थ्य और स्वच्छता (हाइजीन) की अन्य श्रेणियों में भी प्रवेश कर लिया है। पीरामल कंज्यूमर हेल्थकेयर के मुख्य कार्यकारी, साई पोनुगोटी ने इस घोषणा पर अपनी टिप्पणी में कहा, " त्वचा संक्रमण को ठीक करने में अपनी असरदार क्षमता के मद्देनजर, ग्राहकों ने टेटमोसोल पर लंबे समय से भरोसा किया है। अपने नए प्रचार अभियान और 'स्किन इन्फेक्शन का एक्सपर्ट सॉल्यूशन' की नई पोज़िशनिंग के साथ, हम लगातार होने वाले त्वचा संक्रमण को ठीक करने पर ध्यान दे रहे हैं, और त्वचा संक्रमण के लिए असरदार समाधान के तौर पर ब्रांड की साख को और मजबूत कर रहे हैं। पंकज त्रिपाठी को अपने साथ जोड़ना हमारे लिए स्वाभाविक कदम है। उनकी प्रामाणिकता, लोगों से जुड़ने की क्षमता तथा विश्वसनीयता हमारे ब्रांड के मूल्यों से पूरी तरह मेल खाती है।

### खाद्य आपूर्ति विभाग की सख्ती

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** उपायुक्त डॉ. हरीश कुमार वशिष्ठ के मार्गदर्शन में खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग पलवल द्वारा जनवितरण प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं। इसी क्रम में जिला खाद्य आपूर्ति नियंत्रक महेश यादव द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर गांव भीमसीका स्थित डिपो धारक काइफा का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डिपो पर अनियमितताएं पाई गईं, जिसके चलते संबंधित डिपो धारक की राशन सप्लाई को तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है।

# राजकीय आईटीआई पलवल में हर्षोल्लास के साथ मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**



**पलवल।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पलवल में मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती बड़े ही हर्षोल्लास एवं उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर संस्थान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिनमें विद्यार्थियों एवं स्टाफ ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ बाबा साहेब की प्रतिमा/चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके उपरांत एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया, जो आईटीआई परिसर से प्रारंभ होकर आस-पास के क्षेत्रों में निकाली गई। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने जय भीम तथा सामाजिक समानता से जुड़े नारों के माध्यम से आमजन को जागरूक किया। इस आयोजन में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पलवल के साथ-साथ राजकीय आईटीआई हथीन, राजकीय आईटीआई कुशक तथा राजकीय आईटीआई दीघोट के स्टाफ की विशेष उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम की गरिमा और अधिक बढ़ गई। समारोह में मुख्य रूप से आईटीआई पलवल के प्रधानाचार्य जिले सिंह, प्रिंसिपल, आईटीआई दीघोट इंद्राज तथा कैप्टन उदय सिंह उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अपने संबोधन में बाबा साहेब के जीवन, संघर्ष एवं समाज के लिए उनके योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला।

प्रधानाचार्य जिले सिंह ने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए कहा कि बाबा साहेब के आदर्श-शिक्षा, समानता एवं अधिकारों के प्रति जागरूकता को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।

### डॉ अम्बेडकर ने दिलवाया न्याय और समानता का अधिकार - अंकित गुप्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**कुरुक्षेत्र :** भारत रत्न डॉ भीम राव अम्बेडकर की जयंती के अवसर पर ऑल इंडिया लॉयर्स फोरम के प्रदेश महासचिव एवं विश्व मानवाधिकार सुरक्षा आयोग के राष्ट्रीय सदस्य एडवोकेट अंकित गुप्ता ने उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का संघर्ष केवल एक वर्ग के लिए नहीं था, बल्कि पूरे समाज को न्याय और समानता दिलाने के लिए था।


Carrier

**कैरियर एयरकंडीशनिंग एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड**

सी.आई.एन.: U74999HR1992FLC036104
पंजीकृत कार्यालयः नरसिंहपुर, खेड़की दौला पोस्ट,
दिल्ली–जयपुर हाईवे, गुरुग्राम – 122004, हरियाणा, भारत
ईमेलः secretarial@carrier.com वेबसाइटः www.carrierindia.com
टेलीफोनः +91 124 4825323

**(कंपनी के इक्विटी शेयरधारकों के ध्यानार्थ) कंपनी के अवैतनिक/अदावाकृत लाभांश और संबंधित इक्विटी शेयरों को विनिधानकृत शिक्षा और संरक्षण निधि (आईईपीएफ) में स्थानांतरित करने की सूचना**

समय–समय पर संशोधित विनिधानकृत शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण (लेखा, लेखा परीक्षा, स्थानांतरण और वापसी) नियम, 2016 ("नियम") के साथ पठित कंपनी अधिनियम, 2013 ("अधिनियम") की धारा 124 (5) और 124 (6) के प्रावधानों के अनुसार यह सूचना दी जाती है। कृपया ध्यान दें कि वित्तीय वर्ष 2018–19 के लिए अवैतनिक/दावा न किए गए अंतरिम लाभांश को विनिधानकृत शिक्षा और संरक्षण निधि प्राधिकरण ("आईईपीएफए") में स्थानांतरित करने की नियत तारीख, जो लगातार 7 वर्षों से कंपनी के अवैतनिक लाभांश खाते में पड़ी है, 25 जुलाई, 2026 है और सभी शेयर जिनके संबंध में लाभांश लगातार 7 वर्षों तक अवैतनिक/दावा न किया गया है, उन्हें भी आईईपीएफ में स्थानांतरित कर दिया जाएगा।

कंपनी ने ऐसे शेयरधारकों और उनके फोलियो नंबर या डीपी आईडी क्लाइंट आईडी का पूरा विवरण अपनी वेबसाइट https://www.carrierindia.com पर निवेशक अनुभाग ("कंपनी की वेबसाइट") के अंतर्गत अपलोड किया है। शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे दावा न किए गए लाभांश और आईईपीएफ में स्थानांतरित किए जाने वाले शेयरों के विवरण को सत्यापित करें।

अतः संबंधित शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे लिखित आवेदन भेजकर (क) पैन कार्ड की प्रति (ख) पंजीकृत बैंक खाते का रद्द चेक और (ग) मूल गैर–नकदी लाभांश वारंट या कंपनी की वेबसाइट पर उपलब्ध विधिवत भरा क्षतिपूर्ति बांड के साथ दावा न किए गए लाभांश का दावा करें और इसे कंपनी के रजिस्ट्रार और ट्रांसफर एजेंट (आरटीए) यानी एम.यू.एफ.जी. इनटाइम इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, नोबल हाइट्स, पहली मंजिल, प्लॉट नंबर एनएच–2, सी–1 ब्लॉक, एलएससी, सावित्री मार्केट के पास, जनकपुरी, नई दिल्ली – 110068, भारत, ईमेल आईडीः investor.helpdesk@in.mpms.mufg.com, वेबसाइट https://in.mpms.mufg.com/ पर 24 जुलाई, 2026 को या उससे पहले भेजें।

यदि उक्त तिथि तक लाभांश का दावा नहीं किया जाता है तो कंपनी द्वारा नियमों में निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ऐसे दावा न किए गए या भुगतान न किए गए लाभांश को आईईपीएफ में स्थानांतरित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

संबंधित शेयरधारक जिनके शेयर भौतिक रूप में हैं और जिन्हें आईईपीएफ में स्थानांतरित किया जाना है, कृपया ध्यान दें कि कंपनी उनके द्वारा धारित मूल शेयर प्रमाणपत्र के बदले में डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करेगी। डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी होने पर, उनके नाम पर पंजीकृत मूल शेयर प्रमाणपत्र स्वतः ही रद्द हो जाएंगे और नियमों के अनुसार गैर–परक्राम्य माने जाएंगे। डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी होने के बाद कंपनी शेयरों को डीमैट फॉर्म में जमा करने और आईईपीएफ के पक्ष में स्थानांतरित करने के लिए कॉर्पोरेट कार्रवाई के माध्यम से डिपॉजिटरी को सूचित करेगी। जो शेयर डीमैट फॉर्म में रखे गए हैं, उनके लिए कंपनी आईईपीएफ के पक्ष में कॉर्पोरेट कार्रवाई के माध्यम से डिपॉजिटरी द्वारा शेयरों के हस्तांतरण की प्रक्रिया करेगी।

कृपया ध्यान दें कि एक बार लाभांश और संबंधित शेयर आईईपीएफ में जमा हो जाने के बाद, उक्त नियमों के अनुसार आईईपीएफ में हस्तांतरित अवैतनिक लाभांश एवं शेयरों के संबंध में कंपनी के विरुद्ध कोई दावा नहीं किया जा सकेगा। यह भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि उपरोक्त शेयरों से संबंधित भविष्य में घोषित होने वाले सभी लाभ जैसे बोनस शेयर, लाभांश आदि भी आईईपीएफ खाते में जमा किए जाएंगे।

शेयरधारक नियमों में निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने और फॉर्म आईईपीएफ–5 में आईईपीएफ प्राधिकरण को अलग से आवेदन करने के बाद आईईपीएफ में हस्तांतरित लाभांश और संबंधित शेयरों सहित ऐसे शेयरों पर मिलने वाले सभी लाभों, यदि कोई हो, का दावा आईईपीएफ प्राधिकरण से कर सकते हैं। फॉर्म आईईपीएफ–5 कॉर्पोरेट कार्य मंत्रालय की वेबसाइट www.mca.gov.in पर उपलब्ध है। शेयरधारक इस संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन के लिए कंपनी से भी संपर्क कर सकते हैं।

यदि शेयरधारकों को विषय वस्तु और नियमों पर कोई प्रश्न हो, तो वे कंपनी के आरटीए से संपर्क कर सकते हैं, जिसके पास ऊपर उल्लिखित विवरण दिया गया है या कंपनी के नोडल अधिकारी से 91–0124 4825323 पर संपर्क कर सकते हैं या secretarial@carrier.com पर ईमेल लिख सकते हैं।

बोर्ड के आदेश से
कॅरियर एयरकंडीशनिंग एंड रेफ्रिजरेशन लिमिटेड
हस्ताक्षर /–
एकता
कंपनी सचिव

दिनांकः 14 अप्रैल, 2026
स्थानः गुरुग्राम


### उत्साहपूर्वक मनाई गई डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के प्रकोष्ठ कमेरा युवा भारतक (माई भारत) पलवल द्वारा मंगलवार को भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135 वीं जयंती स्थानीय डॉ. बी.आर. आंबेडकर पार्क हुडा सेक्टर में जिला युवा अधिकारी प्रियंका मलिक के मार्गदर्शन में उत्साहपूर्वक मनाई गई।

# पेट्रोलियम पदार्थो की कोई कमी नहीं, कार्यकर्ता लोगों को समझाये-अमरजीत

**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत, 14 अप्रैल(बिजेंद्र सिंह)।** देश में पेट्रोलियम पदार्थों का कोई अभाव नहीं है बल्कि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। कार्यकर्ता जनता के बीच जाकर उन्हें समझाएं कि वे विपक्ष द्वारा फलाई गई अफवाहों से बचें। विपक्ष जानबूझकर देश में अफरा तफरी का माहौल पैदा करना चाहता है। यह विचार बापौली मंडल भाजपा प्रभारी सरदार अमरजीत सिंह कोहली ने मंगलवार को एक ग्रामीण में आयोजित मंडल कार्यकर्ताओं की एक बैठक को संबोधित करते हुए व्यक्त किये। कोहली ने कहा कि जब पूरी दुनिया के माल वाहक जहाज फारस की खाड़ी में फंस गए थे, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपनी सफल कूटनीति से भारत के जहाजों का निर्बाध आवागमन सुनिश्चित कर भारत देश की विदेश नीति का दुनिया में लोहा मनवाया। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ता लोगों को केंद्र एवं प्रदेश सरकार की नीतियों से अवगत कराएं। बैठक में संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अंबेडकर की जयंती पर उनको नमन किया तथा उनके चित्र पर माल्यार्पण व पुष्प अर्पित किये। अध्यक्षता करते हुए बापौली मंडल अध्यक्ष सुमित रावल ने कहा कि मंडल के सभी कार्यकर्ता पूरी लग्न के साथ संगठन द्वारा निर्देशित कार्यों को पूरा करेंगे। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री सोम सिंह ने किया। इस अवसर पर बिट्टू ताजपुर, अनिल रावल, राजेश्वर रावल तथा सभी वर्मा आदि मौजूद रहे।



**योजना**

**सबसे बेहतरीन प्रस्तुति देने वाले सांगी को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।**

# नारी शक्ति वंदन अभियान से होगा महिलाओं का सशक्तिकरण

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चलाया जा रहा नारी शक्ति वंदन अभियान महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है तथा अधिक से अधिक लोगों की भागीदारी से इस अभियान को व्यापक जनसमर्थन मिलेगा।

उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जानकारी देते हुए बताया कि हरियाणा सरकार के निर्देशानुसार 10-20 अप्रैल 2026 तक चलाए जा रहे नारी शक्ति वंदन अभियान के अंतर्गत पलवल जिले में महिलाओं के उत्थान और संसद व विधानसभा में उनके एक-तिहाई प्रतिनिधित्व की दिशा में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिला में इस अभियान के तहत 10 से 20 अप्रैल तक प्रेस कांफ्रेंस, महिला सम्मेलन, पदयात्राएं और बाइक/स्कूटी रैली जैसी गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। यह पहल महिलाओं को सशक्त बनाने और समाज में उनकी सक्रिय भागीदारी बढ़ाने के उद्देश्य से की जा रही है।

उपायुक्त ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार 10-20 अप्रैल के बीच विभिन्न कार्यक्रमों जैसे प्रेस कॉन्फ्रेंस, महिला सम्मेलनों, कनारी शक्ति पदयात्राक और महिला-केन्द्रित बाइक/स्कूटी रैली आयोजित की जाएंगी। नारी शक्ति वंदन अभियान की ये गतिविधियां महिलाओं की भागीदारी और जनमानस में जागरूकता बढ़ाने के लिए जमीनी स्तर पर प्रभावी कदम साबित होंगी। इस पहल में जिला महिला आयोग, स्वयं सहायता समूह, एन.सी.सी., एन.एस.एस. और स्थानीय सामाजिक संगठनों की भी सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की गई है। कनारी शक्ति वंदन अधिनियमक, जिसे कमहिला आरक्षण अधिनियमक भी कहा जाता है, 2023 में पारित किया गया था। इसके तहत संसद और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33% सीटें आरक्षित की गई हैं। इस कानून के उद्देश्य तथा सामाजिक प्रभाव को जन-जन तक पहुँचाने के लिए प्रदेश भर में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत सरकार द्वारा कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की है।

इस प्रकार रहेगी कार्यक्रमों की रूपरेखा :

उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने बताया कि नारी शक्ति वंदन अभियान के तहत 11 से 16 अप्रैल तक महिलाओं के लिए विशेष सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है, जिनमें महिला वक्ताओं के अलावा सामाजिक कार्यकर्ता और शैक्षिक संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होंगे। 15-16 अप्रैल को पलवल जिले के प्रत्येक लोकसभा क्षेत्र में कनारी शक्ति पदयात्राक निकाली जाएगी, जिसमें छात्राएं, स्वयं सहायता समूह, एनसीसी एवं एनएसएस के युवा शामिल होंगे। 13-16 अप्रैल को जिले के मुख्य मार्गों पर महिलाओं के लिए बाइक और स्कूटी रैली आयोजित की जाएगी।




### एसपी और एएसपी ने रतिया के थानों व पुलिस चौकियों का किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**डॉ नैब सिंह मंडेर**

**रतियाः** रतिया क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने और पुलिस की कार्यप्रणाली को और अधिक पारदर्शी व प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक निकिता खट्टर, आईपीएस ने सहायक पुलिस अधीक्षक (अरद) रतिया दिव्यांशी सिंगला, आईपीएस के साथ आज रतिया उपमंडल का विशेष दौरा किया। इस दौरान दोनों वरिष्ठ अधिकारियों ने थाना सदर रतिया, थाना शहर रतिया और पुलिस चौकियों का औचक निरीक्षण कर कानून-व्यवस्था का जायजा लिया।

### जिलाधीश ने पलवल में फसल अवशेष जलाने पर लगाया पूर्ण प्रतिबंध

**टीम एक्शन इंडिया**
**संतोष गर्ग**

**पलवल।** जिलाधीश डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने जिला पलवल में गेहूं सहित अन्य फसलों की कटाई के सीजन के दृष्टिगत भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 की धारा-163 के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में फसल अवशेष (पराली) जलाने पर तुरंत प्रभाव से पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया है। यह कदम नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के दिशा-निर्देशों की कड़ाई से अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

# रोटरी क्लब यमुनानगर ने 10वां सामूहिक विवाह समारोह किया आयोजित

**नितिन सिंगला जगाधरी**



**यमुनानगर, 14 अप्रैल।** सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभा रहे रोटरी क्लब यमुनानगर ने आज आर.के. पैलेस में 10वें सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन किया। इस अवसर पर 17 जरूरतमंद जोड़ों का विधिवत विवाह संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों और क्लब सदस्यों ने भाग लेकर नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया।

कार्यक्रम के प्रोजेक्ट चेयरमैन संजय मल्होत्रा ने बताया कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज के कमजोर वर्ग के लिए एक बड़ी राहत साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से न केवल आर्थिक बोझ कम होता है, बल्कि समाज में समानता और सहयोग की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने इस पहल को निरंतर जारी रखने की प्रतिबद्धता भी जताई। क्लब के अध्यक्ष ईश आनंद ने कहा कि सभी जोड़े वंचित वर्ग से संबंधित हैं और क्लब इस आयोजन को एक पारिवारिक समारोह की तरह आयोजित करता है। उन्होंने बताया कि हर सदस्य इसमें अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए योगदान देता है, जिससे यह आयोजन सफल हो पाता है। क्लब के सचिव विभोर पाहुजा ने समारोह में उपस्थित सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। कोषाध्यक्ष आशीष लूथरा ने जानकारी दी कि इस सामूहिक विवाह समारोह पर लगभग 23 लाख रुपये का खर्च आया, जिसे क्लब के सदस्यों द्वारा वहन किया गया। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के ऐसे कार्यों में सभी सदस्य बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं।

इस दौरान डॉ. राजेश मग्गो और डॉ. रितु मग्गो ने नवविवाहित जोड़ों को परिवार नियोजन और स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। वहीं संजय पाहुजा ने रोटरी क्लब द्वारा किए जा रहे विभिन्न सामाजिक कार्यों के बारे में विस्तार से बताया। कार्यक्रम में यमुनानगर के विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रवि प्रकाश ने भी रोटरी क्लब यमुनानगर के पदाधिकारियों को इस सफल आयोजन के लिए बधाई दी। इस मौके पर विक्रम बाली, अरविंद गुप्ता, संजीव गुप्ता, आस्तिक सैनी, गगन अग्रवाल, संचित वालिया, सौरभ, रोहन गुप्ता कण्व गांधी, सम्राट चानन, साक्षी गुप्ता, सुभाष गर्ग, राजीव वर्मा, परवीन गर्ग सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। समारोह हर्षोल्लास और सामाजिक एकता के संदेश के साथ संपन्न हुआ।